# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

21 सितंबर 2024, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा जम्मू एवं कश्मीर के मेंढर, सुरनकोट, थानमंडी, रजौरी एवं अखनूर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**जम्मू-कश्मीर का यह चुनाव यहाँ तीन परिवारों (कांग्रेस, JKNC, और PDP) के शासन को समाप्त करने वाला चुनाव है।**

***********

**मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म कर, युवाओं के हाथों में पत्थर की जगह लैपटॉप देने का काम किया।**

***********

**इन तीनों परिवारों ने जम्मू-कश्मीर में लोगों के अधिकारों को रोका और यहाँ दहशतगर्दी को बढ़ावा दिया।**

***********

**राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' से आतंक का फरमान देते हैं और कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ वार्ता करो।**

***********

**पाकिस्तान, कांग्रेस, और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा एक समान है।**

***********

**मोदी सरकार ने आतंकवाद को इतनी गहराई तक दफन किया है कि इनकी आने वाली तीन-तीन पीढ़ियां भी इसे वापस नहीं ला सकतीं।**

***********

**90 के दशक में जम्मू-कश्मीर में गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहाँ के आका पाकिस्तान से डरते थे...अब पाकिस्तान मोदी जी से डरता है।**

***********

**उमर अब्दुल्ला सुन लें, मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर की इन खूबसूरत पहाड़ियों में दहशतगर्दी को घुसने नहीं देगी।**

***********

**35 सालों तक J&K में दहशतगर्दी फैलाने और यहाँ के बच्चों के हाथों में हथियार थमाने का हिसाब दें, फारूक अब्दुल्ला।**

***********

**जम्मू-कश्मीर के जो युवा दहशतगर्दी की बंदूक पकड़े बैठे थे, वही युवा अब बंदूक थामकर देश की सुरक्षा करेंगे।**

***********

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को जम्मू एवं कश्मीर के मेंढर, सुरनकोट, थानमंडी, रजौरी एवं अखनूर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और जम्मू-कश्मीर की जनता से राज्य में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। इन कार्यक्रमों में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी प्रत्याशी उपस्थित थे। इन जनसभाओं में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

श्री शाह ने कहा कि पूरा देश गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों पर नाज करता है कि वे भारत की सुरक्षा में योगदान देते हैं। 1947 के बाद पाकिस्तान से जितनी भी लड़ाई हुई, यहां के बाशिंदों ने सिपाही बनकर भारत की रक्षा की है। 90 के दशक में फारुक अब्दुल्ला की मेहरबानी से जब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और दहशतगर्दी आया, तब भी गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों भाइयों ने अपने सीने पर गोलियां झेली है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुझसे जुड़ने का रास्ता हमारे उम्मीदवार हैं, आप उन्हें विजय बनाकर प्रदेश में कमल फूल की सरकार बनाइये। पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि जम्मू एवं कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस और महबूबा मुफ्ती की सरकार नहीं बनने वाली है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **जम्मू एवं कश्मीर का विधानसभा चुनाव तीन परिवारों अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार के परिवारवादी शासन को समाप्त करने वाला है। इन तीनों परिवार ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को रोक कर रखा था।** अगर 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार नहीं आती तो क्या जम्मू एवं कश्मीर में पंचायत, बीडीसी और डीडीसी के चुनाव होते? आज इस मंच पर ब्लॉक और जिला के निर्वाचित सदस्य बैठे हैं, उनको कभी मौका नहीं मिलता। ये तीनों परिवार अपने-अपने सल्तनन को संभालने में लगे हुए थे। अब जम्मू एवं कश्मीर के लगभग 30 हजार युवा अलग-अलग जगहों से चुनाव लड़कर जम्हूरियत का आनंद ले रहे हैं और जम्हूरियत को मजबूत कर रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि हम आएंगे तो इन सारी बातों पर पुन: विचार करेंगे। मुझे बताओ भाई कि क्या पहाड़ के लोगों को अपने पंचायत प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है या नहीं है? क्या यहां के लोगों को ब्लॉक के प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है या नहीं? क्या जिला पंचायत प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है या नहीं? यहां के लोगों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार किसने रोके रखा था? **फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशवासियों के अधिकार को रोके रखा था। भारतीय जनता पार्टी और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव में प्रतिनिधि चुनने के अधिकार को धरातल पर उतारा।**

श्री शाह ने कहा कि 90 के दशक से लेकर जम्मू एवं कश्मीर में इन लोगों ने दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। इन लोगों ने यहाँ के युवाओं के हाथ में पत्थर देकर उनके भविष्य को बर्बाद किए। **ये तीनों परिवार दहशतगर्दी को नहीं रोक पाए। इन लोगों ने दहशतगर्दी को आगे बढ़ाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दहशतगर्दी को समाप्त किया और युवाओं के हाथों में पत्थर की जगह लैपटॉप दिया।** फारूक अब्दुल्ला यहां के लोगों को डराते हैं कि जम्मू एवं कश्मीर में फिर से दहशतगर्दी आ जाएगी। केंद्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है और मैं गृह मंत्री हूं, **भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि जम्मू एवं कश्मीर की खूबसूरत वादियों में दहशतगर्दी को घुसने नहीं देंगे, चाहे फारूक अब्दुल्ला की दहशतगर्दी पर कितनी भी सरपरस्ती हो।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने घाटी के लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि **फारूक अब्दुल्ला ने घाटी के लोगों को आतंकवाद से क्यों नहीं बचाया? यहां जब आतंकवाद फैला, तब फारूक अब्दुल्ला लंदन में गर्मियों की छुट्टियां मनाते थे, प्रदेश वासियों के साथ नहीं रहते थे।** क्या जम्मू एवं कश्मीर के लोगों को फारूक अब्दुल्ला जैसे शासन करने वाले लोग चाहिए या भारतीय जनता पार्टी चाहिए? **कांग्रेस की यूपीए सरकार में रहे तत्कालीन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे जी को लाल चौक आने में डर लगता था, ये उन्होंने खुद कबूल किया है। मैं शिंदे साहब को बताना चाहता हूं कि आप अपने पोते-पोती के साथ साधारण गाड़ी में लाल चौक घूम लीजिए, अब यहां कुछ नहीं होगा।**

राहुल गाँधी पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान की बातें करते हैं लेकिन उस दुकान से नफरत और आतंक का फरमान जारी करते हैं। राहुल गाँधी कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ वार्ता करो। मैं कहता हूं कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को बंद नहीं करेगा, तब तक कोई वार्ता नहीं होगा। वार्ता होगी तो केवल पहाड़ी बच्चों के साथ होगी। कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस के इस विनाशकारी एजेंडे से बाहर निकलना है और प्रदेश को विकसित बनाना है।** जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35A हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। **नेशनल कांफ्रेंस वाले कहते हैं कि काउंटिंग के बाद हिसाब होगा। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से कहना चाहता हूँ कि डरो नहीं, अब डराने वालों का हिसाब होगा। राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर**

**वक्तव्य दिया कि देश से आरक्षण खत्म कर देंगे। राहुल बाबा आपकी पार्टी तो पहले से ही आरक्षण विरोधी है। राहुल बाबा को बता देता हूं कि जब तक भाजपा है तब तक कोई आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू एवं कश्मीर में हर नागरिक को पांच लाख रुपए सालाना तक का इलाज मुफ्त कराया है। इन परिवारों ने 70 सालों तक प्रदेश पर शासन किया, क्या इन लोगों ने पांच लाख रुपए तक इलाज मुफ्त किया था? मोदी जी ने कहा है कि अगर घर में बुजुर्ग है तो पांच लाख रुपए की जगह दस लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जाएगा। **अब 50 की आबादी वाले गांवों को भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा।** पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 500 की आबादी वाले गांवों को जोड़ा जाता था। इसका सबसे ज्यादा फायदा जम्मू एवं कश्मीर के पहाड़ियों को होने वाला है।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद ओबीसी, दलित, गुर्जर और बकरवाल समुदाय को आरक्षण मिला। सबसे बड़ी बात यह कि पहाड़ी भाइयों को भी आरक्षण का लाभ मिला।** मोदी जी की झोली भी बहुत बड़ी है और उनका दिल भी बहुत बड़ा **है। हमने गुर्जर और बकरवाल भाइयों का आरक्षण कम किये बगैर पहाड़ी भाइयों को भी आरक्षण दिया है। जब संसद में आरक्षण का बिल पेश किया गया था तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने इसका विरोध किया था। उनकी पार्टी ने यहां गुर्जर भाइयों को भड़काना शुरू किया कि उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा।** जब मैं रजौरी में आया था तब मैंने कहा था कि गुर्जर भाइयों का आरक्षण खत्म नहीं करेंगे और पहाड़ियों को भी आरक्षण देंगे। मैंने अपने इस वादे को पूरा किया है। पहले यहां के लोग छोटी-मोटी नौकरियां ढूंढते थे। आज गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी भाइयों-बहनों के बच्चे भी आईएएस, आईपीएस बनकर कलेक्टर-एसपी बनकर देश भर में काम करेंगे। इनके बच्चे भी मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, आईआईएम में जाएंगे। भारत के संविधान ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों को जो अधिकार दिया है, उसे फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस पार्टी ने रोक रखा था। **इन लोगों ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि हम आरक्षण पर पुन विचार करेंगे। क्या आप चाहते हैं कि आपके आरक्षण पर पुन विचार हो? फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला कुछ भी कर लें, तब भी दुनिया की कोई ताकत ओबीसी, दलितों, गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों का आरक्षण खत्म नहीं कर सकती है। विपक्षी पार्टियां आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार, सरकारी नौकरी के प्रमोशन में भी गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आने वाले सर्दियों में मेंढर में विंटर कैंप कलेक्टर और बीडीओ कार्यालय खोला जाएगा। मेंढर में पीने का पानी, अस्पताल और हायर सेकेंडरी स्कूल की व्यवस्था भी जल्द की जाएगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर आईएएस परीक्षा के लिए सुरनकोट में एक कोचिंग सेंटर खोलेंगे। हमारे प्रत्याशी को यहां से विधायक बनाकर भेज दीजिए, भाजपा इनको बड़ा आदमी बनाएगी। आदरणीय श्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू से पूंछ जिले तक नेशनल हाईवे 44A को विस्तारित करके पहाड़ों का जीवन सरल किया है। सुरनकोट में सड़कें दुरुस्त की जा रही है। सुरनकोट से बफलियाज तक बनने वाला हाईवे पीर के गली तक जोड़ेगा, ताकि देश के पर्यटक यहां पहुंच सके। सुरनकोट में डिग्री कॉलेज और खेल स्टेडियम भी हमारी सरकार ने बनाए। पुंछ-रजौरी में आईएएस और आईपीएस की परीक्षा के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलेंगे। उसमें पढ़ने वाले बच्चों को हर साल दस हजार रुपये का वजीफा भी दिया जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नेशनल हाईवे 144A को पुंछ तक पहुंचाया। शहादरा शरीफ से लेकर बड़ी रैक तक रोड बनाया गया। मंगोटा से दरहाल तक और भी कई सड़कें बनवायी गयी। शहादरा शरीफ में रोप-वे लगने वाला है। थानामंडी में जिला अस्पताल बना। बच्चों को रेल दिखाने अब जम्मू नहीं ले जाना पड़ेगा क्योंकि अब पुंछ राजौरी में भी ट्रेन आएगी। वह दिन दूर नहीं है कि यहाँ से आप सीधे दिल्ली पहुँच जायेंगे। रजौरी से कालाकोट पहुंचने में अब सिर्फ एक-दो घंटे लगते हैं। बीएससी नर्सिंग कॉलेज बनाया गया। रजौरी में मेडिकल कॉलेज बना। पुंछ रजौरी और पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्रीय विकास बोर्ड बनाएंगे। हम यहाँ वाटर स्पोर्टस को विकसित करेंगे। विस्थापितों के लिए पुनर्वसन का कार्य तेज गति से किया जाएगा। 13 करोड़ रुपए की लागत से जम्मू से अखनूर की चार लेन की सड़क परियोजना को मंजूर कर दी गयी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के तहत एक ही जिले में 120 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। अखनूर में इंडोर स्टेडियम बनाया।

अखनूर की जनसभा में राहुल गाँधी को आड़े हाथों लेते हुए श्री शाह ने कहा कि मैं राहुल बाबा से कहना चाहता हूँ कि **जम्मू-कश्मीर में वोट चाहिए तो देश की जनता साफ़ करें कि क्या कांग्रेस और राहुल गाँधी, नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे से सहमत हैं?** राहुल गाँधी जवाब नहीं देते। **राहुल गाँधी जवाब दें या न दें, धारा 370 देश में इतिहास हो चुकी है और अब ये कभी वापस नहीं आएगी।** अखनूर से मैं राहुल बाबा को कहना चाहता हूं कि **इस देश में एक ही झंडा रहेगा, सबसे प्यारा तिरंगा रहेगा और कोई झंडा नहीं रहेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि हम राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला के एजेंडे से सहमत है। पाकिस्तान और राहुल गांधी, पाकिस्तान और नेशनल कांफ्रेंस का एजेंडा एक समान है। कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए कि उनकी बात का समर्थन पाकिस्तान का रक्षा मंत्री कर रहा है। अगर ये लोग जम्मू-कश्मीर में गलती से भी आये तो जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद आ जाएगा। राहुल बाबा आपकी तीसरी पीढ़ी भी आएगी ना, तब भी हम कश्मीर में आतंकवाद नहीं आने देंगे।** अखनूर से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन पर भी सीबीआई के छापे पड़े। पेपर लीक घोटाले में पकड़े गए। कांग्रेस पार्टी को अखनूर के लिए ऐसा ही प्रत्याशी मिला! अखनूर के लोगों को तय करना है कि एक ओर भाजपा के प्रत्याशी रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर को चुनना है या सीबीआई के पेपर लीक के आरोपी का चयन करना है। **महबूबा मुफ्ती कहती थी कि धारा 370 हटी तो कोई यहां तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं रहेगा। महबूबा जी, धारा 370 हट गया, चुनाव हो रहा है और लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। पीडीपी का चार से ऊपर पांचवां प्रत्याशी नहीं जीतने वाला है।** राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी पार्टी है। इन्होंने अम्बेडकर जी को सम्मान नहीं दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ अम्बेडकर के सम्मान में पंच तीर्थ का निर्माण किया।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी जम्मू एवं कश्मीर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां के युवाओं के रोजगार का मुख्य आधार पर्यटन उद्योग है। 2023 में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक जम्मू एवं कश्मीर आए। फारूक अब्दुल्ला जितने सालों तक मुख्यमंत्री रहे, उस दौरान आने वाले सभी पर्यटकों को जोड़ दें, तब भी दो करोड़ नहीं होता, जितना एक साल में यहां पर्यटक आए हैं। पूंछ, रजौरी, डोडा में पर्यटक क्यों नहीं आता है, क्योंकि यहां के लोगों के साथ अन्याय किया गया है।** पांच किलो अनाज मिलता था क्या, पीने का पानी पहुंचता था क्या? ये पैसा कहां गया? तीन परिवारों ने भ्रष्टाचार में पैसा हजम कर लिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **नेशनल कांफ्रेंस का झंडा लाल है, इस पर उनके एक नेता ने कहा कि यहां दहशतगर्दी है।** प्रदेश की जनता से पूछता हूं कि क्या दहशतगर्दी से किसी को भला होता है? ये लोग बच्चों के हाथों में बंदूक पकड़ा कर क्या करना चाहते हैं? **भारतीय जनता पार्टी भी पहाड़ी भाइयों के हाथो में जरूर बंदूक देगी, मगर उन्हें पुलिस, सीआरपीएफ और सेना में भर्ती करके बंदूक देगी।** सीमा पर विशिष्ट प्रकार के कैंप लगाकर यहां के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा बलों में भर्ती किया जाएगा। मेंढर जिले में एक अस्पताल और ओपीडी भी बनाया गया है। उप जिला अस्पताल में सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। डाकबंगला मेढर में एक नया कांफ्रेंस हॉल बनवाया गया है। मेंढर के अधिकांश हिस्सों में सौर उर्जा से स्ट्रीट लाईट लगाई गई है। **इस क्षेत्र में गोलीबारी से बचाव के लिए अधिक से अधिक बंकर बनाए जाएंगे।**

श्री शाह ने कहा कि 90 के दशक में कितनी अधिक गोली-बारी होती थी। अब उतनी गोली बारी नहीं होती है क्योंकि पाकिस्तान अब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से डरता है, जबकि पहले के आका पाकिस्तान से डरते थे। **अब गोलीबारी करने की पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है। अगर पाकिस्तान सीमा पर गोलीबारी करेगी तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस इसके लिए जिम्मेदार है कि दहशतगर्दी की वजह से तीन हजार दिन जम्मू एवं कश्मीर बंद रहा। आठ सालों तक प्रदेश अंधकार में डूबा रहा। तीन परिवारों ने प्रदेश के विकास के 35 साल बर्बाद किए हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प है कि **हर घर के सबसे बड़ी उम्र वाली महिला को 18 हजार रुपए का चेक सालाना दिया जाएगा।** अभी किसानों को हर साल 6 हजार रुपए सालाना दिया जा रहा है। **यहां से हमारे प्रत्याशी को विजयी बना कर भाजपा की सरकार बना दो, प्रदेश के किसानों को 10 हजार रुपए सालाना दिया जाएगा। कृषि बिजली बिल के दरों में 50 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। 500 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। जम्मू में मेट्रो का परिचालन शुरू कराया जाएगा। तवी नदी पर रिवर फ्रंट बनाएंगे।** मेंढर-पूंछ-रजौरी की पहाड़ियों में पहलगांव जैसा एक पर्यटक स्थल

विकसित करेंगे, दुनियभर से पर्यटक यहां आएंगे। इन तीन परिवारों ने 70 सालों तक जम्मू के इस इलाके के साथ अन्याय किया है।

श्री शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनने पर सरकारी नौकरियों में अग्निवीर को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही, हमारी सरकार बनने पर यहां पांच लाख सरकारी नौकरियाँ दी जायेगी। यहाँ हायर सेकेंडरी में पढ़ने वाले हर बच्चों को लैपटॉप-टैबलेट देंगे, ताकि उन्हें पढ़ने में सुविधा हो। किश्तवाड़ में आयुष हर्बल पार्क बनाएंगे। जम्मू में आईटी हब बनाएंगे। उद्यमपुर में फार्मास्युटिकल हब बनाएंगे। यहां पर दो या तीन बड़े पर्यटक शहर बनाकर पर्यटकों को आकर्षित **करेंगे। पूरे पहाड़ पर गरीबों की योजनाओं के लिए गरीबों को पांच मरला जमीन मुफ्त दी जाएगी।** आने वाले समय में पहाड़ी समाज के लोग भी मुख्य सचिव बनेंगे। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र भारतीय जनता पार्टी विकास कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाएं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को यहाँ के विकास का अवसर दें।

***********************